अमर उजाला

बरेली
मंगलवार, 2 अप्रैल 2024
चैत्र कृष्ण-अष्टमी
विक्रम संवत-2080

PAGE NO. 02 : TOP

खेल

■ **क्रिकेट :** एसआरएमएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग परिसर स्थित स्टेडियम में आमोद क्रिकेट कप फाइनल मुकाबला सुबह 9 बजे से।

PAGE NO. 07 : TOP

सीईटी-ए और आईएमएस की टीमें फाइनल में

बरेली। एसआरएमएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग के टायरो क्लब की ओर से आयोजित आमोद क्रिकेट कप का फाइनल मुकाबला मंगलवार को सीईटी-ए व आईएमएस की टीमों के बीच खेला जाएगा।

सोमवार को दोनों सेमीफाइनल मुकाबले खेले गए। पहले मुकाबले में सीईटी-ए की टीम ने टॉस जीतकर सीईटीआर को पहले बल्लेबाजी का मौका दिया। सीईटीआर ने 20 ओवर में नौ विकेट खोकर 116 रन बनाए। जवाब में सीईटी-ए टीम ने आखिरी ओवर में लक्ष्य हासिल कर फाइनल में प्रवेश कर लिया। उमंग को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

दूसरे मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए आईएमएस टीम ने 124 रन बनाए। जवाब में पैरामेडिकल की टीम 12.4 ओवर में 63 रनों पर ही सिमट गई। 29 गेंदों पर 44 रन बनाने वाले डॉ. रेहान मैन ऑफ द मैच बने। संवाद